जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 | अंक-6 | जयपुर, सोमवार, 10 फरवरी, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## यूईएम जयपुर में 12 फ़रवरी को होगा वैश्विक विश्वविद्यालयों के डेलिगेट्स का दौरा

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर को दुनिया के कुछ शीर्ष विश्वविद्यालयों के वैश्विक विश्वविद्यालय प्रतिनिधि बुधवार, 12 फरवरी, 2025 को यूईएम जयपुर परिसर का दौरा करेंगे । यह अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग छात्रों को वैश्विक शिक्षा, कैरियर के अवसरों और विदेश में उच्च अध्ययन के बारे में अमूल्य जानकारी प्रदान करेगा।

यह अनूठा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इंजीनियरिंग, प्रबंधन और अन्य प्रासंगिक विषयों के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को उनके अंतिम और पूर्व-अंतिम वर्षों में दुनिया भर के अग्रणी विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का एक उल्लेखनीय अवसर प्रदान करेगा। साथ ही वैश्विक शैक्षणिक नेताओं से उच्च शिक्षा और कैरियर की संभावनाओं पर व्यक्तिगत मार्गदर्शन, विदेशी विश्वविद्यालयों में एमएस, एमटेक और पीएचडी कार्यक्रम करने के इच्छुक छात्रों के लिए आकर्षक छात्रवृत्ति पाने के अवसर मिलते है।

विजिटिंग यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों में अभ्युदय पाई - यूनिवर्सिटी एट बफ़ेलो, यूएसए में ग्रेजुएट इंटरनेशनल रिक्रूटमेंट के सहायक डीन, आर्टुरास मैकियुनस्कास - इंटरनेशनल स्टूडेंट रिक्रूटर, विलियस यूनिवर्सिटी, लिथुआनिया, माइकल बर्क - डायरेक्टर ऑफ इंटरनेशनल स्टूडेंट सर्विसेज, ड्यूक्सने यूनिवर्सिटी, यूएसए, तृप्ति गुरुंग - प्रतिनिधि, जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी, यूएसए, जैकी हैमिल्टन - कार्यकारी निदेशक, कैट्ज़ स्कूल ऑफ़ साइंस एंड हेल्थ, येशिवा यूनिवर्सिटी, यूएसए, सिमरन जैन - एसोसिएट डायरेक्टर, आईई यूनिवर्सिटी, रोशन लालन - ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए रिक्रुटमेंट एडवाइजर, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए आदि हैं ।

वाईस चांसलर प्रो. डॉ. चटर्जी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से वैश्विक शिक्षा और कैरियर की संभावनाओं को बढ़ावा मिलता है साथ ही साथ यूईएम जयपुर का उद्देश्य अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सीधे जुड़ाव की सुविधा प्रदान करके और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक प्रगति, अनुसंधान सहयोग और कैरियर उन्नति के अवसरों को बढ़ावा देकर छात्रों के क्षितिज को व्यापक बनाना है। यह यात्रा विश्व स्तरीय शैक्षिक अनुभव और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक नेटवर्किंग प्रदान करने तथा छात्रों को वैश्विक सफलता के लिए तैयार करने की यूईएम जयपुर की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

UEM
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार, अरविन्द केजरीवाल हारे

### कांग्रेस का तीसरी बार भी नहीं खुला खाता

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता ने विकास को वोट दिया है। भाजपा कुल 70 में से 48 सीटें जीतकर सत्तासीन हो गई है। सबसे बड़ी चौंकाने वाली बात तो यह है की नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को भाजपा के प्रवेश वर्मा ने 4000 वोट से हरा दिया है। वहीं मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन और सोमनाथ भारती जैसे दिग्गज भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। शीर्ष नेताओं में सिर्फ आतिशी को ही जीत मिली है। कांग्रेस दिल्ली में लगातार तीसरी बार एक भी सीट नहीं जीत पाई है।



हार पर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा हम जनादेश विनम्रता से स्वीकार करते हैं। भाजपा को बधाई। उम्मीद है भाजपा अपने वादे पूरे करेगी। हमने शिक्षा, पानी, बिजली और बुनियादी ढांचे में बहुत काम किया ताकि दिल्ली वालों को राहत मिल सके। आप पार्टी मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

वहीं दिल्ली में प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की शॉर्टकट की राजनीति को जनता ने शॉर्ट सर्किट किया है। दिल्ली की जीत ने साबित कर दिया है कि देश को तुष्टीकरण नहीं बीजेपी के संतुष्टीकरण की पॉलिसी पसंद आ रही है। आज आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आप-दा की हार हुई है। जिनको दिल्ली के मालिक होने का घमंड था उनका सच से सामना हो गया है। आज यह स्पष्ट हो गया की राजनीति में शॉर्टकट, झूठ और फरेब के लिए कोई जगह नहीं। मोदी ने कहा कि यमुना को दिल्ली की पहचान बनाएंगे। पूरी तरह साफ करेंगे।

वहीं अन्ना हजारे ने कहा कि चुनाव लड़ते समय आचार, विचार और चरित्र शुद्ध होना चाहिए। यह शराब में लिप्त रहे। छवि खराब रही इसलिए कम वोट मिले।

## स्वतंत्रता सेनानी और पत्रकार स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार 'अजेय' जी की

# 109वीं जयंती विशेष



राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय श्री राजेंद्र कुमार अजेय की 14 फरवरी 2025 को 109 वी जयंती है ।

राजेंद्र कुमार 'अजेय' प्रदेश के वरिष्ठ और प्रथम पत्रकार थे जिन्होंने 14 फरवरी 2016 को 100 वे वर्ष में प्रवेश किया और मृत्यु से 1 महीने पहले तक हमारा वतन को संपादित किया ।

देशभक्ति के जोशीले लेखों के कलमकार, स्वतंत्रता सेनानी राजेंद्र कुमार 'अजेय' का नाम आजादी के क्रांतिकारियों में दर्ज है, जिन्होंने न केवल अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी बल्कि राजशाही सामंतों की भी खिलाफत की । देश की आजादी की लड़ाई में उनका जीवन किन कठिनाइयों से गुजरा उनकी चर्चा से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं । आक्रामक व तीखी लेखनी के साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संरक्षण हेतु संपादकीय कॉलम के ऊपर छपने वाली चार लाइने इस संदर्भ को आज भी स्पष्ट करती हैं कि - क्या खाक लिखे कोई, बरगश्ता जमाना है, कांटो पे भी चलना है, दामन भी बचाना है । सन 1965 में हमारा वतन साप्ताहिक समाचार पत्र की स्थापना की । 29 नवंबर को प्रथम अंक का प्रकाशन हुआ । जो आज 61 वें साल में प्रवेश कर निरंतर प्रकाशित हो रहा है ।राजेंद्र कुमार 'अजेय' उस शख्सियत का नाम है जिसका नाम लेते ही धमनियों में बहने वाला लहू तत्काल खौलने लगता है । जिसका सिर न कभी अंग्रेजों के सामने झुका, न राजा - महाराजा, ठाकुर ,सामंतों के सामने समर्पण भाव प्रकट किया । ओर तो ओर अपनों के सामने भी यातना के स्वर नहीं निकाले । यही तो 'अजेय' जी की जीवन शैली की उत्कृष्टता थी कि सर कटा सकते हैं लेकिन, सर झुका सकते नहीं !

**109 वें जन्मदिवस पर हमारा वतन समाचार पत्र परिवार साष्टांग प्रणाम करता है ।**

## सड़क स्वीकृति पर ग्रामवासियों ने जताया पूर्व विधायक का आभार

**चौमूं (हमारा वतन)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में सड़कों के नवीनीकरण कार्य के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चीथवाड़ी से चौंप रोड तक सड़क स्वीकृति पर सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एव साफा पहनाकर आभार जताया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सड़क के 3 किलोमीटर नवीनीकरण कार्य के लिए 54 लाख रुपयों की स्वीकृति प्रदान की है।



इस मौक़े पर बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कालूराम बड़वाल, पूर्व सरपंच महेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष युवा मोर्चा नानूराम पिपलोदा, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश डागर, वार्डपंच प्रतिनिधि राकेश बागड़ा, सुवालाल पिपलोदा, नारायण डागर, जगदीश प्रसाद बागड़ा, बलबीर बागड़ा, बूथ अध्यक्ष रामेश्वर बागड़ा, शंकर जांगिड़, सरदार देवंदा, मालीराम डागर, बूथ अध्यक्ष साधुराम गोगोरिया, बूथ अध्यक्ष राजू शर्मा, हरिओम सैन, पूर्व बूथ अध्यक्ष प्रेम जांगिड़, विकास जांगिड़, रमेश गोगोरिया आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

Happy Wedding Anniversary

16वीं वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं (14 फरवरी)



गुंजन सैनी - भूपेंद्र तंवर

स्व. बाबूलाल सैनी - फूली देवी,
स्व. राजेंद्र तंवर - विजयलक्ष्मी तंवर,
पुष्पेंद्र तंवर, हृदय तंवर
और हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं !

आपकी जोड़ी हमेशा सलामत रहे !

# नाले को खुला छोड़कर भूले कर्मचारी,शहर से टूटा संपर्क

**चौमूं (हमारा वतन)।** नाले को खुला छोड़कर कर्मचारी भूल गए हैं, जिससे लोगों का शहर से संपर्क टूट गया है। नगर परिषद की इसी अनदेखी के कारण वार्ड नंबर 8 के निवासी परेशान हो रहे हैं। चौमूं नगर परिषद के वार्ड नंबर 8, वीर तेजाजी मंदिर के सामने स्थित मिर्ची वाली ढाणी के लोगों को करीब 1 महीने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को आने जाने में भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी झुंथाराम कुमावत ने बताया कि करीब 1 महीने पहले नाली अवरुद्ध होने के कारण नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा पाईप को निकाला गया था और नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा कहा गया था कि एक-दो दिन में इसको



वापस ठीक कर देंगे। कई बार वार्ड पार्षद रजनी शर्मा और प्रतिनिधि राहुल शर्मा को अवगत करवाया लेकिन समाधान नहीं हुआ। साधन तो दूर इस नाली को पैदल भी पार नहीं किया जा सकता। छोटे बच्चों के नाली में गिरने का भी डर हमेशा बना रहता है।

पार्षद प्रतिनिधि राहुल शर्मा ने बताया कि मैंने चौमूं नगर परिषद के आयुक्त को कई बार अवगत करवा दिया। जेईएन नहीं होने की बात कर टाल जाते हैं। मैंने टेंपरेरी समाधान के लिए फेरो कवर लगाने की बात कही तो वह भी नहीं लगा रहे हैं। एक बार फिर आयुक्त से मिलकर समस्या का समाधान करने की कहूँगा। अगर आमजन की इस समस्या का समाधान जल्द ही नहीं किया गया तो मुझे धरना देना पड़ेगा, लेकिन वार्ड वासियों को और परेशान नहीं होने दूंगा।

# कल्चरल डायरीज में बाड़मेर के कलाकारों ने मोहा मन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा जयपुर में आयोजित पाक्षिक सांस्कृतिक संध्या कल्चरल डायरीज के पांचवें एडिशन के दूसरे दिन अल्बर्ट हॉल पर बाड़मेर के लोक कलाकार गौतम परमार व उनके दल ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम में पश्चिमी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक कला की झलक देखने को मिली, जिसने न केवल जयपुरवासियों बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थान के प्रसिद्ध लोकगीत केसरिया बालम आओ नी, पधारो म्हारे देस से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को लोक संगीत की मिठास से सराबोर कर दिया। इसके बाद रिमझिम बरसे मेह... गीत पर प्रस्तुत लोकनृत्य ने समां बांध दिया।

इस संध्या में विभिन्न पारंपरिक लोकनृत्यों की झलक भी देखने को मिली। चरी नृत्य में नर्तकियों ने सिर पर जलते दीपों से भरी चरी (मिट्टी का बर्तन) रखकर अद्भुत संतुलन और कला का प्रदर्शन



किया। गौरतलब है कि कल्चरल डायरीज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की पहल पर पर्यटन विभाग के नवाचार के रूप में आयोजित की जा रही है। इस सांस्कृतिक संध्या में पर्यटन विभाग के उपनिदेशक नवल किशोर बसवाल सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जयपुर वासियों और पर्यटकों को राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने का यह अभिनव प्रयास हर बार नई प्रस्तुतियों और लोक कलाकारों के शानदार प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रहा है।

# आपका स्वास्थ्य आपके हाथ अभियान-टोंक थाने में दी जानकारी



**टोंक (हमारा वतन)।** आरएन नोवाल फाउंडेशन के आपका स्वास्थ्य आपके हाथ कार्यक्रम के तहत आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय ओम विहार जयपुर रोड चौमूं के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा द्वारा पुलिस थाना निवाई जिला टोंक में सीएलजी सदस्यों एवं पुलिस थाना स्टाफ को स्वास्थ्य से संबंधित कई प्रकार की जानकारी दी।

डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आहार ही औषधि है। आपका रसोई घर ही आपकी औषधि शाला है। रसोई में रखे हुए सभी प्रकार के मसाले औषधि हैं । डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा द्वारा सीएलजी सदस्यों, पुलिस स्टाफ तथा आए हुए अन्य लोगों को स्वस्थ रहने के कई प्रकार के घरेलू नुस्खे बताए।

इस अवसर पर थानाधिकारी हीरालाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि स्वास्थ्य के साथ-साथ सेवा कार्य भी महत्वपूर्ण है । सीएलजी सदस्यों व आए हुए लोगो को यातायात संबंधी नियम की जानकारी, साइबर अपराध सहित विभिन्न प्रकार के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

## (हास्य गीत) जमाली

प्रयास सधा सा करत रहे
पर हो ही गए इंगोज जमाली
घूमत रहि गए हरियाणे में
पर दई न सके इक रोज जमाली
पैरन में उनके है चक्र लगा
नाप लेत मौजा औ गँउआँ
के हौ गांव के बचल भला
जे जानत ना हो उनके नँउआँ
खुद के देत नहीं है अबहूँ
समझदारी के डोज जमाली
घूमत रहि गए हरियाणे में
पर दई न सके इक रोज जमाली
भैलेंटाइन पर हिय में कारबाईन
धुक - धुक गोली दागत बा
दिलवा उनकर तन्हाई में
लभ यू के बोली माँगत बा
आन्हर - भकचोन्हर कउनो रहे
अब कई दिहे परपोज जमाली
घूमत रहि गए हरियाणे में
पर दई न सके इक रोज जमाली
रोज...चटक्का लाल लिए
खोजत हैं कि के - के दीं
पोटहिया, चोटहिया दुनो बा खड़ी
एके दीं या ओके दीं
विचारत रहीं गैन हक्का होइ के
हवें दुनियां के अद्भुत खोज़ जमाली
घूमत रहि गए हरियाणे में
पर दई न सके इक रोज जमाली
हक्का नुडल खाई के भईया
खड़ी दुपहरी घूमत बाटन
बप्पा स्वागत कइले रहलन
हुच्चा, मुक्का, झापड़ औ लातन
आखिर भला कैसे पईहन
परम् अद्भुत इमरोज जमाली
घूमत रहि गए हरियाणे में
पर दई न सके इक रोज जमाली



सिद्धार्थ गोरखपुरी

## श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह- रुक्मणी कृष्ण विवाह में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के सब्जी मंडी के पास अग्रवाल धर्मशाला स्थित सत्यनारायण मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के छठे दिन आज शुक्रवार को कथावाचक पंडित रामबाबू शास्त्री ने कथा में मथुरा आगमन, कंस उद्धार, श्रीकृष्ण रूकमणी विवाह की कथा सुनाई। इस दौरान कथा आयोजक सत्यनारायण व यज्ञदत सर्राफ सहित परिवार ने रुक्मणी कृष्ण विवाह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने विवाह की सारी रस्में अदा की। विवाह के दौरान महिला पुरुषों ने भगवान कृष्ण राधा के भजनों पर जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को बधाईयां दी।



अंत में कथा आयोजक सत्यनारायण व अंबिका प्रसाद सर्राफ ने श्रीमद् भागवत पोथी की महा आरती की। साथ ही श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## एक पहल जिंदगी के नाम अभियान- वाहन चालकों को कर रहे जागरूक

**रींगस (हमारा वतन)।** आमेर तहसील के बरना गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विनोद शर्मा लोगों की जिंदगी बचाने के लिए एक पहल जिंदगी के नाम जागरूकता अभियान चला रहे हैं। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं कि आप अपने वाहन के ऊपर एक इमरजेंसी नंबर जरूर लिखें जिससे कोई घटना-दुर्घटना




होने पर घरवालों को संपर्क किया जा सके। अभियान का पोस्टर विमोचन करते हुए परिवहन निरीक्षक उदयवीर सिंह ने कहा कि यह बहुत ही अच्छी पहल है,लोगों में जागृति आएगी। इससे समय पर परिजनों से संपर्क होगा। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन दुर्घटना होना एक आम बात है। परिजनों को समय पर दुर्घटना की सूचना नहीं मिल पाती। अधिकतर लोगों का मोबाइल भी लॉक रहता है या टूट जाता है। अगर सभी वाहनों पर एक इमरजेंसी नंबर लिखकर रखा जाए तो परिजनों तक तुरंत सूचना पहुंच सकती है और व्यक्ति की जान भी बचायी जा सकती है।

# रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई)

कड़ी 20



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस समस्त सृष्टि की श्वांस हैं !
सारे जगत के हैं!
जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम और कृष्ण पर लेखनी चलाई है।
उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में , आज के युग में इकराम राजस्थानी राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक

96\. त्रेता में आ कर किए,तुमने कितने काम!
कलियुग तुम्हें पुकारता,कब आओगे राम?
97\. त्रेता में तो एक था,रावण जिसका नाम!
हुए करोड़ों आज कल,आ कर देखो राम!!
97\. कई सतसई लिख गए,कर गए भारी काम!
राम तुम्हारी सतसई लिखता है इकराम!!
98\. सतसई अब होने लगी,पूरी राम तमाम!
हर दोहा ही आपका, जिसमें जपता नाम !!
99\. सदा आपके साथ ही, जुड़ा है मेरा नाम!
धन्य मेरा जीवन हुआ, लोग कहें इक राम!!
100\. लिखे राम के नाम पर,सौ दोहे इकराम!
सतसई करो स्वीकार अब,शत शत तुम्हें प्रणाम !!
-समाप्त



इकराम राजस्थानी






## जॉब्स

1. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड आरआरबी, पद ग्रुप डी, पद संख्या 32000, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2025
2. डीएफसीसीआईएल, पद एमटीएस व अन्य, पद संख्या 642, अंतिम तिथि 16 फरवरी 2025
3. सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर कोर्ट असिस्टेंट, पद संख्या 241, अंतिम तिथि 8 मार्च 2025
4. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद पशुधन सहायक, पद संख्या 2041, अंतिम तिथि 1 मार्च 2025
5. राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 271, अंतिम तिथि 20 फरवरी 2025
6. सीआईएसएफ, पद कांस्टेबल ड्राइवर, पद संख्या 1124, अंतिम तिथि 4 मार्च 2025
7. सेमीकंडक्टर लैबोरेट्री, पद असिस्टेंट, पद संख्या 25, अंतिम तिथि 26 फरवरी 2025
8. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद स्टेनोग्राफर ग्रेड थर्ड, पद संख्या 144, अंतिम तिथि 22 फरवरी 2025

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

**जयपुर (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।

जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21



अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये हैं।

गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है। पूर्व में उक्त अभियान की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित थी परन्तु वर्तमान में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त अवधि को 28 फरवरी 2025 तक बढ़ाया जाकर अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाये जाने हेतु अवसर प्रदान किया गया है।



## क्यों कुछ लोगों को ठंड में भी नहीं होता है सर्दी का अहसास

बढ़ती ठिठुरन में जहां आपका रजाई छोड़ने का मन नहीं कर रहा, वहीं आपके आसपास कुछ ऐसे लोग भी होंगे जिन्हें ठंड बिल्कुल नहीं लग रही। एक्सपर्ट बता रहे हैं क्या हो सकता है इसका कारण। हमारा शरीर बहुत सारे जीन से मिलकर बना है। अपने जीन के हिसाब से हम अलग-अलग तरह से व्यवहार करते हैं। वहीं खानपान और परिवेश बहुत हद तक हमारे व्यवहार का नियंत्रित करता है। इसके बावजूद कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो बिल्कुल कॉमन हैं। यानी जनवरी के इस ठिठुरते दिन में आपको भी ठंड लगेगी ही। फिर चाहें आप बादाम उबाल कर खाएं या हर रोज चिकन सूप पिएं। दिसंबर अंत से ही पूरे उत्तर भारत में शीत लहर चलने लगी है। पर इस मौसम में भी कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हें बिल्कुल ठंड नहीं लगती! पर ऐसा कैसे हो सकता है? ये जानने के लिए हमने बात की डॉ ऋषि गौतम से। डॉ गौतम जीडब्ल्यू स्कूल ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज में मनोचिकित्सा के सहायक प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही वे जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन, बाल्टीमोर में इंस्ट्रक्टर (पीडियाट्रिक्स) भी हैं।

**पहले समझिए क्यों लगती है ठंड या गर्मी** -इस बारे में डॉ ऋषि गौतम कहते हैं, हमारे तंत्रिका तंत्र में मौजूद गर्म और ठंडे रिसेप्टर्स के माध्यम से तापमान को महसूस किया जाता है। शरीर में वसा प्रतिशत, मांसपेशियों के प्रकार के फाइबर, समग्र शारीरिक स्वास्थ्य और कंडीशनिंग यह निर्धारित करते हैं कि एक व्यक्ति को बहुत कम या ज्यादा ठंड लग सकती है। कभी-कभी कुछ लोगों को बिल्कुल ठंड नहीं लगती। विशेष मानते हैं कि ठंड सहिष्णुता एक बहु-तथ्यात्मक घटना है, जिसके कई पहलुओं को हम अभी तक अच्छी तरह से नहीं समझ पाए हैं एक व्यक्ति को ठंड या गर्मी महसूस होना निश्चित रूप से परिवेश के वातावरण पर निर्भर करता है।

## बाबा भूधरदास तपोस्थली पर 255वीं बरसी का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत आलीसर बस स्टैंड के पास स्थित बाबा भूधरदास जी महाराज तपोस्थली पर 255 वीं बरसी का आयोजन मंदिर महंत गंगादास महाराज के सानिध्य में हुआ ।

महंत गंगादास ने बताया कि यह हर वर्ष यह बरसी मनाई जाती है । इस दिन आसपास के ग्रामों से श्रद्धालु मंदिर में धुणे पर भोग लगाकर अपने परिजनों और क्षेत्रवासियों के लिए माथा टेककर खुशहाली की कामना करते हैं।

इस दौरान मंदिर परिसर में विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई। एक दिवसीय राम रामायण पाठ का आयोजन हुआ। खीर, मालपुआ का भोग लगाया गया । भंडारे का आयोजन ग्राम पंचायत आलीसर सहित आस - पास के ग्रामीणों के जन सहयोग से हुआ।



इस मौके पर रामस्वरूप डागर, राधेश्याम शर्मा, कानाराम स्वामी, सीताराम टेलर्स, नरेंद्र कुमार यादव , कैलाश चन्द, देवाराम कुमावत, राजेन्द्र कुमार कुमावत , सीताराम, लालचंद कुमावत , जयपाल स्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड चटकारा




## कीर्ति कुल्हारी ने बताया क्यों छोटे करवा लिए थे बाल लोग मुझे लेस्बियन समझने लगे थे



कीर्ति कुल्हारी ने अचानक से अपने लंबे बालों को बॉयकट करवा लिया तो लोगों को झटका लगा था। कीर्ति ने बताया कि इसके पीछे कोई खास वजह नहीं थी बल्कि ये अचानक लिया गया फैसला था। बॉलीवुड एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने जब अपने बाल कटाए तो वह काफी प्यारी दिख रही थीं। उनके कुछ फैन्स शॉक्ड भी थे और कीर्ति को कई तरह के कमेंट्स भी मिल रहे थे। कुछ उनसे प्रेरणा ले रहे थे तो कुछ को लग रहा था कि वह लेस्बियन हैं और जल्द ही इस बात का खुलासा कर देंगी। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने उस वक्त को याद करके बताया है कि लोगों का रिएक्शन कैसा था और उन्होंने बाल छोटे क्यों करवा लिए थे।

**एक पिता का आया था मैसेज**-कीर्ति कुल्हारी से बॉलीवुड बबल ने जब बाल कटाने के बारे में पूछा गया तो बोलीं, यार मुझे सब चीज इतनी डिटेल में याद नहीं। मुझे सिर्फ फीलिंग याद है। मुझे इतना याद है कि जब मैंने अपने बाल कटवाए तो मुझे लोगों के डीएम और मैसेज आने लगे थे, खासतौर पर लड़कियों के। मुझे अच्छी तरह याद है कि एक मैसेज आया जो कि एक टीनेज लड़की के पिता का था जो कि करीब 12-13 साल की रही होगी। मुझे याद नहीं है कि मेरे परिवार से मुझे वो मैसेज किसने फॉरवर्ड किया था। उन्होंने लिखा था कि उनकी बेटी मेरे बाल कटवाने से इंस्पायर हो गई है और वह ऐसे बाल कटवाने के लिए पूछ रही है।


**लोगों को लगा कि लेस्बियन हैं कीर्ति**-कीर्ति ने बताया कि उन्होंने हिसाब बराबर फिल्म की शूटिंग खत्म की थी।

## ऐड के लिए मेल में रणबीर और फीमेल में जानें मैनफोर्स ओनर ने किस एक्ट्रेस को बताया बेस्ट



सनी लियोनी लंबे वक्त तक कॉन्डम ब्रैंड एंडोर्स कर चुकी हैं। अब मैनकाइंड फार्मा के मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया है कि अगर उन्हें किसी को चुनना होगा तो उनकी नजर में फिल्म इंडस्ट्री में ब्रैंड एंबेस्डर बनने के लिए कौन परफेक्ट है।मैनकाइंड फार्मा के मैनेजिंग डायरेक्टर और को-फाउंडर राजीव जुनेजा ने कॉन्डम के लिए अपने पसंदीदा सिलेब्स बताए। उनसे एक पॉडकास्ट के दौरान पूछा गया कि एक फीमेल और एक मेल एक्टर चुनने को कहा जाए तो वह किसे चुनेंगे। राजीव ने इस पर रणबीर कपूर और जाह्नवी कपूर का नाम लिया। **दोनों कर चुके हैं मना**-राज शमानी के पॉडकास्ट पर राजीव से पूछा गया कि अगर वह किसी फीमेल सेलिब्रिटी का ब्रैंड फेस की तरह लेना चाहें जिसके साथ अब तक काम नहीं किया है तो वह कौन होगा? इस पर उन्होंने जवाब दिया. कॉन्डम के लिए जाह्नवी कपूर। वह एकदम परफेक्ट हैं। वह बेस्ट चॉइस हैं। मेल एक्टर पूछा गया तो राजीव ने रणबीर कपूर का नाम लिया। साथ ही यह भी बताया कि रणबीर कपूर और जाह्नवी कॉन्डम कंपनी का ब्रैंड एंबेस्डर बनने के लिए मना भी कर चुके हैं। **कार्तिक को क्यों चुना ब्रैंड एंबेसडर**-राजीव ने लक्ष्य लालवानी की तारीफ की। कहा कि वह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में नाम कमाएंगे। सनी लियोनी लंबे समय तक मेनफोर्स की ब्रैंड एंबेस्डर रही हैं। राजीव ने बताया कि उनके बाद कार्तिक आर्यन को लेने की क्या वजह थी। वह बोले, कार्तिक आर्यन लेने का रीजन क्या है कि हमें थोड़ा सा मेल साइड के अंदर जाना था।

## भारत का नाम रोशन करने वाली मिस वर्ल्ड, जिन्हें सी-ग्रेड की फिल्में करने के लिए मजबूर होना पड़ा, पति पर लगाया आरोप...



प्रतिष्ठित खिताब जीतने के तुरंत बाद उन्हें कई मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। हम बात कर रहे हैं एक ऐसी अभिनेत्री की, जिसने मिस वर्ल्ड का ताज जीता, लेकिन उसे ज्यादा काम नहीं मिला। शुरुआत में, वह शोहरत और सफलता से घिरी हुई थी, लेकिन यह ज्यादा दिन नहीं चला। कहते हैं मुंबई माया नगरी है। वहां सरवाइव करना मुश्किल है। हर कोई वहां चमकने जाता है लेकिन काले अंधेरे में कहीं खो सा जाता है। कुछ ही खुशनसीब है जो बुलंदी पर पहुंच पाते हैं। ग्लैमर इंडस्ट्री आसान नहीं है। हम सभी को इसके बेहतरीन पक्ष देखने को मिलते हैं, लेकिन इसके लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। कई बार, इससे बाहर निकलना वास्तव में आसान नहीं होता और कई बार लोगों को पीछे हटना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक मॉडल से अभिनेत्री बनीं के साथ हुआ। प्रतिष्ठित खिताब जीतने के तुरंत बाद उन्हें कई मुश्किल दौर से गुजरना पड़ा। हम बात कर रहे हैं एक ऐसी अभिनेत्री की, जिसने मिस वर्ल्ड का ताज जीता, लेकिन उसे ज्यादा काम नहीं मिला।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# आप की हार के सियासी मायने

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी आप की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के सियासी मायने दिलचस्प हैं। इसके राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे। क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन की अगुवा पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली में अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी आप, जो दिल्ली में लंबे समय से सत्तारूढ़ थी, को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे कांग्रेस ने आप से जहां अपना पुराना सियासी हिसाब-किताब बराबर कर लिया है, वहीं अपनी खोई राजनीतिक जमीन हासिल करने का शिलान्यास भी कर चुकी है। वहीं, अब उसमें इस बात की भी नई उम्मीद जगी है कि 2030 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जब भाजपा से उसका सीधा मुकाबला होगा तो उसकी स्थिति और मजबूत होगी और उसका खोया जनाधार पुनः वापस लौट जाएगा।बता दें कि 2010 के दशक के शुरुआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत आप के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके इंडिया अगेंस्ट करप्शन नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था। राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि चूंकि इस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का भी गुप्त समर्थन हासिल था, इसलिए यह आंदोलन काफी सफल रहा। हालांकि एनजीओ के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की देशव्यापी लोकप्रियता से उत्साहित समाजसेवियों ने जब आम आदमी पार्टी यानी आप का गठन करके दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी भागीदारी जताई तो आरएसएस और भाजपा ने इससे दूरी बना ली। लेकिन तब तक अन्ना हजारे की आड़ में अरविंद केजरीवाल ने अपनी सामाजिक आभा इतनी चमका ली थी कि उनकी नवगठित पार्टी आप ने कांग्रेस की पूरी और बीजेपी की कुछ कुछ राजनीतिक जमीन हड़प ली। यदि गौर किया जाए तो 2013 में जब आप ने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया। जिसका विरोध करके वह चुनाव जीती थी और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। कांग्रेस की इस एक मात्र भूल ने 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका सफाया कर दिया, वहीं आप की ओर मुस्लिम मतदाताओं के बढ़े रुझान से उसे रिकॉर्ड जीत मिली। क्योंकि भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था। हालांकि, उसके बाद से ही तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह को संतुलित करने की जो भाजपा के गुजराती-मराठी लॉबी की अंदरूनी राजनीति शुरू हुई, उससे पूर्वांचलियों में भाजपा की साख गिरी और आप को मजबूती मिली। वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले काफी ज्यादा रही। इसके बाद जब आप ने पंजाब में कांग्रेस को, दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त दी तो कांग्रेस किंकर्तव्यविमूढ़, लेकिन भाजपा चौकन्नी हो गई। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने यूपी, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए।


राम गोपाल सैनी

# प्रयागराज के महाकुंभ में राजस्थान सरकार



**प्रयागराज (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महाकुंभ-2025 के अवसर पर शनिवार (एकादशी) को मंत्रिपरिषद् के सहयोगियों एवं विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने प्रयागराज एयरपोर्ट पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा, मंत्रिपरिषद् के सदस्य, सांसद व विधायकगण संगम स्थल पहुंचे, जहां से बोट द्वारा त्रिवेणी घाट पहुंच कर उन्होंने संगम में डुबकी लगाकर स्नान किया व जय श्री राम के उद्घोष के साथ पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई और देश व प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। यह हमारी संस्कृति और संत, ऋषि व मुनियों की विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं और उनके नेतृत्व में विरासत का संरक्षण हो रहा है। विश्व का हर व्यक्ति महाकुंभ में आने के लिए लालायित हैं। शर्मा ने महाकुंभ की सुनियोजित व्यवस्थाओं के लिए केन्द्र सरकार व उत्तरप्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार विकास के पथ पर विरासत संरक्षण के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजस्थान मंडप तैयार करवाकर निःशुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही हैं।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अलवर की बेटी परिणीता शर्मा ने बड़े परदे पर दिखाया टैलेंट




**जयपुर (हमारा वतन)।** अभिनय के क्षेत्र में लगातार नौ - दस वर्षों से कार्यरत् परिणीता शर्मा ने 2025 की शुरुआत अपने शानदार अभिनय प्रस्तुतीकरण से की है ।

एन.के. मित्तल एण्ड एल.एस. फिल्म्स के प्रस्तुतीकरण से सामाजिक व कलात्मक परिवेश को जागृत करने वाली फ़िल्म ताण्डव - 2 में रोचक व प्रेरणादायक अभिनय किया है । विश्व भर में प्रसिद्ध राज मन्दिर सिनेमा हॉल, जयपुर में ताण्डव - 2 फिल्म का रिलीज होना, अपने आप में बडी उपलब्धि है।

परिणीता शर्मा ने कलात्मक क्षेत्र में अनेकों फिल्मों में अभिनय किए हैं जिनमें से म्हारी बींदणी, बीन्द बनैगों घोड़ी चढैगो आदि और हाल में ही ताण्डव - 2 में अपनी अद्भुत अभिनय कला से सभी दर्शकों से प्रशंसा की हकदार बनी ।

ताण्डव -2 फिल्म के लेखक व निर्देशक लखविन्दर सिंह ने समाज की रुढिवादी सभ्यता में लिप्त विधवा विवाह और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को आधुनिक युग में युवा पीढी व प्रगतिशील समाजवाद के समक्ष प्रस्तुत किया है । इस फिल्म के निर्माता केआर मीना हैं। इस फिल्म बडे परदे पर प्रस्तुत कर आज की नवीन पीढी के मन में आगे बढने व रुढिवादी संस्कृति के खण्डन की गुहार लगाई है । समाज को आईना दिखाने वाली ताण्डव -2 फिल्म में रे रोजर ने संगीत दिया और अभिनेत्री परिणीता शर्मा ने बेहतरीन प्रस्तुति दी ।

इन सबके अलावा ताण्डव -2 फिल्म में मुख्य भूमिका के रूप में अन्दाज़ खान, सिकन्दर चौहान, नेहा, शकूर कमेरा और महेन्द कुमावत, त्रिलोक नौलखा, राजवीर पोसवाल, दिनेश भारती,रीता रोजर आदि ने शानदार व अनुकरणीय अभिनय कर समस्त दर्शकों के दिल ओ दिमाग में अपनी अमिट छाप छोडी है।






# अहीर रेजिमेंट ध्यानाकर्षण सभा को लेकर जनसंपर्क

**जयपुर (हमारा वतन)।** आगामी 2 मार्च को जयपुर शहर में आयोजित होने वाली अहीर रेजिमेंट ध्यानाकर्षण सभा को लेकर आज विश्व यादव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में यादव समाज बंधुओं से जनसंपर्क किया और 2 मार्च को सभा में पहुंचने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव ने बताया कि आज चौमूं विधानसभा के जयसिंहपुरा गांव से जनसंपर्क अभियान का आगाज किया। इसके बाद कालाडेरा, कानरपुरा ,घिनोई और आष्टी में जनसंपर्क किया। समाज बंधुओ को अधिक से अधिक संख्या में सभा में पहुंचने के लिए प्रेरित किया। सभा में सरकार से अहीर रेजिमेंट की मांग की जाएगी।

जनसंपर्क के दौरान सुरेश यादव, कैलाश चंद यादव,शायर मल यादव, सांवल राम यादव, दिनेश यादव ,सांवर, कैप्टन मुकेश यादव, राम सिंह फौजी, बाबूलाल यादव, राजेश यादव, दीपक यादव, राजेंद्र यादव, रामस्वरूप यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।